तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 उप मुख्यमंत्री शर्मा ने लाभान्वित 131 हितग्राहियों को पीएम आवास...



14 अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत...



## खबर संक्षेप

### डोनेशन दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**भिलाई।** एनजीओ डोनेशन दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एलआईजी 556 पदमनाभपुर दुर्ग निवासी श्रीराम बालकृष्ण वेलफेयर सोसाइटी में इलेक्ट्रीशियन विभाग में कृष्णकांत शर्मा डायरेक्ट है। प्लॉट नंबर 22/21 गली नंबर 21/22 युजीएफ 3 ओम विहार फेस 3 वेस्ट दिल्ली निवासी संतोष तिवारी नाक व्यक्ति एनजीओ सोसाइटी इंदौर को डोनेशन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए लिया। इसके बाद संतोष तिवारी ने स्केनर भेजकर युपीआई से 50 हजार,नगद 50 हजार रुपए लिया। लेकिन 26 मई को पीड़ित के दोस्त अंकुर जैन का कसारडीह दुर्ग स्वर्ण ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। अंकुर जैन ने बताया कि उसका दोस्त संतोष तिवारी जो ब्रोकर का काम करता है। एनजीओ में बड़ी कंपनी से पैसा दिलवाने का काम करता है। संतोष तिवारी ने बड़ी कंपनी से एनजीओ को पांच करोड़ दिलाने का पीड़िता को झांसा दिया। एनजीओ का डॉक्यूमेंट की मांग भी संतोष तिवारी ने किया। 27 मई को आरोपी संतोष तिवारी ने दस्तावेज कंप्लीट होने के बाद एनजीओ को कंपनी द्वारा पांच करोड़ आरटीजीएस होने की जानकारी दी। इसके पहले चालीस लाख रुपए का एडवांस उसे देना होगा। किसी तरह पीड़ित ने बीस लाख रुपए एडवांस दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### विरोध : कहा- विपक्ष की आवाज़ दबा रही केंद्र सरकार

# भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी पर बिफरी कांग्रेस, भाजपा और ईडी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर के मुख्य चौक पर भाजपा और ईडी का पुतला फूंका। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया है। पुराना बस स्टैंड चौक में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज़ को दबाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चैतन्य बघेल का कसूर सिर्फ इतना है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र हैं। आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि




चैतन्य बघेल को ऐसे समय गिरफ्तार किया गया, जब भूपेश बघेल विधानसभा में जंगलों की कटाई और अदानी समूह को लाभ पहुंचाने के मुद्दे पर सवाल उठाने वाले थे। यह गिरफ्तारी एक सोची-समझी साजिश है, जिससे सदन की आवाज को कमजोर किया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक इस लड़ाई को लड़ेगी। यह सिर्फ भूपेश बघेल की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे कांग्रेस परिवार की लड़ाई है। बेमेतरा जिला कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। इस प्रदर्शन में ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री, जिला कांग्रेस, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, टीआर जनार्दन, शकुंतला मंगत साहू, रवि परगनिहा, जोगिंदर छाबड़ा, कविता साहू, रीता पांडेय, अविनाश तिवारी, मनोज शर्मा, नवीन ताम्रकार, राजू साहू, बहल वर्मा, प्रकाश ठाकुर, रोमन वर्मा, सिद्दीक खान, जनता साहू, सुनील नामदेव, लक्ष्मण साहू, नरेश सिंह, प्रतीक दुबे, सिद्धांत दीवान, रूप सिंह, जयप्रकाश राज, कमल साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दाऊराम बने शिवसेना के प्रदेश महासचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। बैठक में पार्टी के विस्तार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में आम जनता की मूलभूत समस्याओं पर कार्य किए जाने की चर्चा की गई। वहीं पार्टी में प्रदेश एवं जिला स्तर में पदोन्नति की गई है, जिसमें दाऊराम चौहान को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उन्हें प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। लंबे समय से जिले में शिवसेना संगठन की मजबूती पर कार्य करने वाले चौहान को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर जिले के शिवसौनिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। वहीं अपनी नियुक्ति पर चौहान ने कहा कि शिवसेना पार्टी को निष्ठा व इमानदारी एवं परिश्रम से मजबूती देते हुए पार्टी को लक्ष्य तक पहुंचाने अथक प्रयास करूंगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हरि कपूर को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बेमेतरा ▶▶|शेष पेज 12 पर

- **शिवसेना की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय**

# झांकी से कांवड़ियों का दल भोरमदेव के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सावन मास पर शनिवार को ग्राम झांकी से कावड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। शिवभक्तों का जत्था जयकारों के साथ भोरमदेव धाम के लिए रवाना हुआ। ग्रामीणों और परिजनों ने पुष्पवर्षा कर कावड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कांवड़ यात्रा को सेवा सहकारी समिति नेवशा के अध्यक्ष युवराज सिंह ठाकुर ने पूजा-अर्चना कर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सावन में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। कावड़ यात्रा जैसे आयोजनों से गांव-गांव में आस्था का संचार होता है और युवा पीढ़ी धार्मिक परंपराओं से जुड़ती है। यात्रा में शामिल शिवभक्त ढोल-नगाड़ों और भक्ति ▶▶|शेष पेज 12 पर

# फसल बीमा के लिए समिति प्रबंधक और सीएससी ऑपरेटरों का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ 2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. द्वारा समिति प्रबंधकों एवं सीएससी ऑपरेटरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में बीमा कंपनी से आए विरेन्द्र शर्मा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, अभिलाष सिंह क्लस्टर मैनेजर एवं सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के युगलकिशोर द्वारा खरीफ मौसम की अधिसूचित फसलों एवं बीमा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

खरीफ 2025 के लिए अधिसूचित फसलों में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी शामिल हैं। वहीं, पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता और अमरूद भी बीमा के दायरे में हैं।बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। बीमा की सुविधा बैंक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, ऑनलाइन पोर्टल, बीमा एजेंट एवं डाक विभाग के माध्यम से ▶▶|शेष पेज 12 पर



बीमा कराने की अंतिम तिथि है 31 जुलाई तक






## खबर संक्षेप



### दबंगई दिखाने वाले दो युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** दबंगई दिखाने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि घासीदास नगर जामुल निवासी सिद्धार्थ कुमार गुप्ता ने शिकायत किया है। मोहल्ले में निवास करने वाला प्रिंस कुमार और भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू ने पीड़ित के मकान का दरवाजे के पास पीना खाना कर रहे थे। मना करने पर प्रिंस,उसके दोस्त गाली गलौज कर जबरदस्ती घर में घुस कर लोहे के रॉड, बेस बल्ला से मारपीट कर चोट पहुंचाई। जामुल पुलिस ने दोनों आरोपियों को खोजबीन कर प्रिंस कुमार, भूपेन्द्र कुमार टंडन उर्फ राजू को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। कार्रवाई में प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### डायरेक्टर इंचार्ज से मिला एम्पलाइज एसोसिएशन



**भिलाई।** बीएसपी के निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा से बीएसपी, एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में मुलाकात की। कोमल प्रसाद ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों का परिचय कराया। एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संयंत्र को और बेहतर बनाने के लिए आपके नेतृत्व में हम मिलकर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राना, महासचिव विजय कुमार रात्रे, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष अनिल खेलवार उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



**दुर्ग।** शहर विधानसभा से कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्त्ताओ ने विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त किये। इसके पूर्व जैन समाज के सोशल ग्रुप ने भी विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा परिसर में दर्शक दीर्घा, पुस्तकालय तथा केबिनेट मंत्री कक्ष पहुंचे। उनसे सौजन्य मुलाकात कर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कार्यकर्त्ताओ ने विधायक संग भेंट कर राज्य की राजनीति, विधायी प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में जानकारी ली। अपने क्षेत्र में समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात कर सभी तस्वीर लिए और सांगनात्मक कार्य करने मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने विधानसभा भ्रमण के दौरान प्रश्नकाल में सवाल पूछने और आने की प्रक्रिया, ध्यानाकर्षण में जनता के मुद्दों को सदन में रखने की जानकारी साझा की।

### पदोन्नति व समयमान नहीं, कर्मचारी आक्रोशित

**भिलाई।** जिला स्तरीय विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षो से नहीं हुई है। कर्मचारियों एवं अधिकारीयों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोंन्नति, सेवानिवृत्त उपरांत देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, पेंशन प्रकरण, मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता देयक, मातृत्व अवकाश, संतान पालन अवकाश भुगतान समय पर नहीं होने, विभागीय जांच प्रकरण निपटारा समय पर नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगटनों के प्रतिनिधियों को तीन माह में परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने निर्देश हैं।

# आदेश के बाद भी 134 शिक्षकों ने नहीं ली ज्वाइनिंग, होगी निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

युक्तियुक्तकरण के बाद रिक्त पदों वाले स्कूलों में ज्वाइन करने के आदेश का अब तक पालन नहीं हो पाया है। हाईकोर्ट ने 146 शिक्षकों की याचिका लगाने के बाद कलेक्टर को उनके मामले में फिर से सुनवाई करने कहा था। कोर्ट के आदेश पर इन शिक्षकों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। जिला व संभाग स्तर पर की हुई सुनवाई में केवल 7 शिक्षकों को राहत मिली है। इस तरह 139 शिक्षकों को अपने आदेशित स्कूलों में ज्वाइनिंग देनी थी। हाल यह है कि इन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग ही नहीं किया है। हालात को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ऐसे शिक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई करेगा।

## युक्तियुक्तकरण- सुनवाई के बाद केवल 7 शिक्षकों को मिल पाई थी राहत

### ज्वाइनिंग नहीं होने से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित

16 जून से सरकारी स्कूल खुले हैं। प्राइमरी, मिडिल, हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण हुआ है। महीनेभर स्कूल शुरू हो गए हैं लेकिन शिक्षकों की कमी के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बार आठवी को भी बोर्ड किया गया है। दसवी और बारहवी बोर्ड पहले से है। इसलिए बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है।

### जिला स्तर पर केवल 7 लोगों को राहत

जिला स्तर पर हुई सुनवाई में केवल 7 शिक्षकों को राहत मिली है। इन शिक्षकों के समक्ष अब यह समस्या आ गई है कि जितने रिक्त पद थे वे पहले से भर गए हैं। ऐसी स्थिति में वे अपने पुराने स्कूल में जा नहीं सकते। फिर भी जिले से बाहर जाने से वे बच गए। ये शिक्षकों ने ज्वाइनिंग भी दे दी है।




### ज्वाइनिंग नहीं देने वाले दुर्ग जिले के शिक्षक

| | |
|---|---|
| सहायक शिक्षक - | 10 |
| प्रधान पाठक प्राथमिक शाला- | 02 |
| व्याख्याता- | 02 |
| दुर्ग जिले से बाहर वाले शिक्षक- | 125 |

### संभाग स्तर पर 40 की सुनवाई पूरी

संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त के समक्ष सुनवाई की गई है। जिसमें दुर्ग जिले के 40 शिक्षकों की सुनवाई हुई। इनमें से संभाग आयुक्त ने संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग को कुछ ही शिक्षकों के परीक्षण करने कहा है। इस स्थिति में दुर्ग जिले के शिक्षकों ने ज्वाइनिंग देने में रूचि नहीं दिखा रहे।

### सोमवार को निलंबन आदेश

युक्तियुक्तकरण में जिन शिक्षकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था उनकी सुनवाई हाईकोर्ट के आदेश पर कलेक्टर के समक्ष हमने फिर से की। इसमें केवल 7 शिक्षक के प्रकरण मान्य हुए हैं। शेष शिक्षकों को स्कूलों में ज्वाइनिंग करने कहा गया था । शासन के निर्देश पर ज्वाइनिंग नहीं करने वालों को सोमवार निलंबन आदेश जारी कर देंगे।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

## बीएसपी ने किया कनेक्टकॉन पीआर कॉन्क्लेव का आयोजन

# जनसंपर्क की भूमिका संस्थागत विकास का आधार, तेजी से बढ़ रहा एआई का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व जनसंपर्क दिवस के उपलक्ष्य में भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में राष्ट्र स्तरीय पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा थे। कनेक्ट कम्युनिकेटक्रिएट थीम पर आधारित कॉन्क्लेव का उद्देश्य जनसंपर्क के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों, चुनौतियों, अवसरों और बदलते रुझान पर गहन विचार-विमर्श करना था। चितरंजन महापात्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सेल के राउरकेला, बोकारो, कार्पोरेट ऑफिस, वीआईएसएल, सीएसपी सहित जनसंपर्क पेशेवरों, उद्योग विशेषज्ञों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों विचार व्यक्त किए। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, डॉ .एम रवींद्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष आदि अधिकारी व विभिन्न विभागों के 30 इंटर्नल रिसोर्स पर्सन्स ने भी भाग लिया।

श्री महापात्रा ने जनसंपर्क विभाग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जनसंपर्क की भूमिका अब केवल मीडिया प्रबंधन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसी भी संगठन के संस्थागत विकास का एक रणनीतिक आधार बन चुका है। राष्ट्र निर्माण में इस्पात उद्योग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा संयंत्र द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में व्यापक सीएसआर कार्यों के बाद विस्तार के समय हमें कई बार स्थानीय विरोध का सामना करना पड़ता है, जिनसे निपटने में जनसंपर्क विभाग की भूमिका अहम है । जीएम अमूल्य प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण में कॉन्क्लेव' की थीम, महत्व और विभिन्न सत्रों की संक्षिप्त जानकारी दी।

## बीएसपी के अधिकारियों ने संचार, संबंध और रचनात्मकता पर किया मंथन




### एआई पर हुई पैनल चर्चा

प्रथम सत्र में इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने स्टील प्लांट्स में जनसंपर्क विभाग की कार्यप्रणाली, प्रमुख गतिविधियों पर जानकारी दी। वक्ताओं में उप प्रबंधक राउरकेला इस्पात संयंत्र के एसएस पटनायक; महाप्रबंधक वीआईएसल, भद्रावती के एलप्रवीण कुमार; सहायक प्रबंधक ,सीएफपी, चंद्रपुर की श्यामली लोखंडे; तथा वरिष्ठ प्रबंधक , बीएसएल, बोकारो के अभिनव शंकर शामिल थे। सेल कॉरपोरेट अफेयर्स डिवीजन, दिल्ली की ओर से डीजीएम मानिक भार्गव व एजीएम समन्विता घोष ने प्रस्तुति दी। डीजीएम बीएसपी अपर्णा चंद्रा द्वारा बीएसपी की जनसंपर्क नीतियों व रणनीतिक संप्रेषण पहलों पर प्रस्तुति दी। अध्यक्षता सीजीएम प्रभारी अनूप कुमार दत्ता ने ने सभी प्रस्तुतियों पर समीक्षा प्रस्तुत की। बाद जनसंपर्क प्रथाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग विषय पर हुई पैनल चर्चा का नेतृत्व सीजीएम प्रभारी योगेश शास्त्री तथा पूर्व सीजीएम सौरभ सिन्हा ने किया। संचालन महाप्रबंधक बोन्या मुखर्जी ने किया।दूसरे पैनल सत्र सोशल मीडिया का उपयोग: जनसंपर्क के लिए नैतिकता एवं चुनौतियों की पुनर्परिभाषा विषय पर था। नेतृत्व शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व निदेशक एवं पूर्व प्रमुख एसपी जग्गी तथा जीएम अमूल्य प्रियदर्शी ने किया। साथ ही डीजीएम भारतीय स्टेट बैंक, आरके सिन्हा द्वारा वीडियो प्रस्तुति दी गई।



### लघु फिल्मों का प्रदर्शन

बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्मित कई लघु फिल्मों व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए। वरिष्ठ प्रबंधक बीएसएल अभिनव शंकर ने प्रथम व महाप्रबंधक वीआईएसएल एलप्रवीण कुमार को द्वितीय पुरस्कार मिला। डीजीएम बीएसपी नितिन अग्निहोत्री तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में पूर्व पीआरओ बीएसपी विजय मैराल, पूर्व जीएम एसकदरिपा, पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक सत्यवान नायक शामिल थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सीजीएम संदीप माथुर उपस्थित रहे। अतितियों द्वाराविजेताओं, प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पवन कुमार ने कहा कि जनसंपर्क एक निरंतर बदलता हुआ क्षेत्र है, जहाँ हर दिन नई प्रवृत्तियाँ सामने आती हैं। उन्होंने कहा, "रचनात्मक आलोचना सुधार के लिए आवश्यक है। जीएम प्रशांत तिवारी ने आभार प्रदर्शन व संचालन अपर्णा चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में एजीएम बीएसपी जवाहर बाजपेई, एसककामड़े, तथा बीएसपी जनसंपर्क विभाग की टीम का विशेष योगदान रहा।

# गोदाम का ताला तोड़कर नकदी पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सीमेंट गोदाम का ताला तोड़कर नगदी रुपए पार करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जेवरा सिरसा में स्थित अल्ट्राटेक सिमेंट के गोदाम के ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी रकम पार किया था। टेबल के ड्रॉज से रकम 84 हजार 400 रुपए गायब मिला। अल्ट्राटेक कंपनी से ऋषि अग्रवाल ने घटना की शिकायत पुलिस में की थी।

जांच में लेने पर मुखबिर ने सूचना पर पुलिस ने संदेही सिकोलाभाठा उरला बाम्बे नगर निवासी राजेन्द्र ठाकुर को पकडा गया। पूछताछ करने पर ु सने बताया कि 10 वर्षों से गोदाम में काम करता है। मजदूरो का पेमेंट के बाद बचा रकम को ड्रॉज में रखते है। चोरी करने की नियत से गोदाम के ऑफिस के प्लाई दरवाजे को तोडकर रात को घुसकर रुपए पार करना स्वीकार किया। आरोपी ने 15 हजार पीने खाने में खर्च किया। बचा नगदी 69 हजार 300 रुपए को अपने घर में रखना बताया। पुलिस ने तुरंत घर पहुंचकर जब्त किया। कार्रवाई में जेवरा सिरसा प्रभारी उनि खगेन्द्र पठारे से समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# ओए ने भारत वन परियोजना स्थल पर किया पौधारोपण, सहेजने संकल्प




**भिलाई।** बीएसपी के द्वारा सीएसआर बीएसपी की परियोजना भारत वन नेवई में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सीएसआर विभाग बीएसपी के द्वारा इस परियोजना की जानकारी ओए के पदाधिकारियों को प्रदान की गयी।

नेवई में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के समीप 17 एकड़ भूमि पर 114 प्रजाति की एक लाख आठ हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। परियोजना से इस क्षेत्र में पक्षियों की बसाहट बढ़ेगी तथा जैव विविधता को सुदृढ़ किया जा सकेगा। ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि भारत वन परियोजना भविष्य में भिलाई को नई पहचान प्रदान करेगा। महासचिव परविन्दर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, सचिव द्वय संजय तिवारी, ज्योति प्रकाश शर्मा एवं जोनल प्रतिनिधि राजेन्द्र मंत्री, डीपीएस बरार, मिलिंद बंसोड़, रेमी थॉमस, डॉ. नवीन जैन आदि उपस्थित थे।

# श्रीराम चौक पर तेज रफ्तार वाहनों को नियंत्रित करने लगाया गया स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ हुडकोवासियों ने ट्रैफिक पुलिस से की गई थी मांग



श्रीराम चौक हुडको में यातायात के भारी दबाव और आए दिन होने वाली दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने मार्ग में स्टॉपर लगाने की मांग की गई थी।

इसके बाद चौक के आसपास स्टॉपर लगाए गए। इसे लेकर पिछले दिनों कांग्रेस नेता जावेद खान ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कहा था कि भिलाई-दुर्ग के लगभग सभी प्रमुख स्कूलों की बसें यहां से तेज रफ्तार में गुजरती हैं। इसके कारण अवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। सड़क हादसे भी हो रहे हैं। इसके बाद उप पुलिस अधीक्षक सदानंद सिंह विंधयाराज ने स्टापर लगवाने के निर्देश दिए।

स्टॉपर लगने से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और हादसों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। जावेद खान ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# हेल्थ विभाग में फैली अनियमितता और लापरवाही, कलेक्टर से शिकायत



■ पूर्व मेयर बाकलीवाल ने कलेक्टर से मुलाकात कर दी जानकारी

**दुर्ग।** कांग्रेस ने स्वास्थ्य विभाग में अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाया है। इसे लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिले। उन्होंने भवन नियमितीकरण में हो रही देरी, 184 पदों की भर्ती प्रक्रिया को रद्द किए जाने, संविदा कर्मचारी की वेतन काटे जाने, मातृ शिशु अस्पताल में टीकाकरण की लचर व्यवस्था एवं हमर क्लीनिक में डॉक्टरों की कमी को लेकर व्यवस्था में सुधार की मांग रखी। इस दौरान जिला अस्पताल में जनता के सुविधा के लिए कैजुल्टी नंबर को पुनः शुरू करने का आग्रह किया गया। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजेश यादव, छाया महापौर प्रेमलता साहू, पार्षद दीपक साहू, भास्कर कुंडले, ज्ञानदास बंजारे, पूर्व पार्षद भोला महोबिया सहित अन्य मौजूद थे।

# गुरु खुशवंत के साथ हुई घटना की निंदा की, जांच की मांग



**पाटन।** तहसील सतनामी समाज ने पाटन जनपद पंचायत के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरू खुशवंत साहेब के साथ पत्थर फेंककर मारपीट करने की घटना को लेकर यह आंदोलन किया गया। इस अवसर पर तहसील सतनामी समाज के पूर्व अध्यक्ष शीततकरण महिलवार ने कहा कि सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत सिंह के हुई घटना की जांचकर कार्यवाही होना चाहिए। आज भाजपा की सरकार में विधायक सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक का क्या होगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संतराम कुर्रे, पवन गहरे, शिवनाथ बंजारे, रमेश कुरे, शीतकरण महिलवार, सरपंच सेलुद बबलू मार्कण्डेय, दुर्गेश पाटिल, रामेश्वर बघेल, मनोज कुर्रे, नीरव कोसले, मोती बघेल, सुमीत मार्कण्डेय, भावेश चेलक, रामनाथ गायकवाड़, पप्पू जोशी और राजेश मार्कण्डेय सहित समाज के लोगों ने तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

## महापौर अलका बाघमार ने निगम अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# मेयर ने फाइल अटकाने वाले अफसरों को लगाई फटकार, पानी सप्लाई की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के सभी वार्डों में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने व तकनीकी संसाधनों में आ रही खराबी की जानकारी लेने महापौर अलका बाघमार ने जलगृह अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने फाइलें पेंडिंग रखने वाले अफसरों की जमकर क्लास ली।

दो टूक शब्दों में कहा कि पानी मनुष्य की पहली आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखकर इंटकवेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक सभी मशीनरी सामग्री को नियमित चेक कर खराबी आने से पहले उनका वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखें।नियमित मॉनिटरिंग करते रहने निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, कार्यपालन अभियंता आरके जैन सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में गर्मी के दिनों में हुए जल संकट के बाद अब बारिश के दिनों में भी अनेक वार्डों में बार-बार हो रही जल संकट पर महापौर अलका बाघमार ने सख्त रुख अपनाते हुए कारणों को लेकर विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान लीना देवांगन ने तकनीकी व मशीनरी सामग्री हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के लिए गए फाइलें रुकने तथा समय पर उपकरणों की अनुपलब्धता से हो रही दिक्कतो से अवगत कराया।

महापौर अलका बाघमार ने फाइल दबाकर बैठने वाले अधिकारी को समय सीमा के अंदर फाइले निपटाने और इंटकवेल से लेकर फिल्टर प्लांट तक मोटर पम्प से लेकर सभी इलेक्ट्रिकल व उपकरण अपडेट रखने के निर्देश दिए।

### इंटकवेल में लगाए जाएंगे नए मोटर, एमआईसी से मंजूरी

बैठक में महापौर ने 24 एमएलडी प्लांट से संबंधित टंकियों में पर्याप्त पानी नही भरने की मुख्य वजह प्लांट की मोटर पम्प कमजोर होना है। इसे ध्यान में रखकर नया मोटर पंप खरीदने एमआईसी से स्वीकृति हो गई है। अब राशि स्वीकृति के लिए शासन को तत्काल भेजने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली आपूर्ति भी सामान्य रखने फिल्टर प्लांट में अतिरिक्त सब स्टेशन के बचे कार्य पूर्ण करने कहा। ताकि विद्युत व्यस्था भी वैकल्पिक रूप से तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों को बड़ी लाइनों में हो रहे लीकेज को भी जल्द सुधारने कहा। अमृत मिशन के तहत नई पाइप लाइन से पानी आपूर्ति करने कहा। बैठक में जलगृह उप अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष...

### दाऊराम बने...

जिले की कमान गिरवर रजक को पुनः दी गई है। रामचरण वर्मा जिला कार्यकारी अध्यक्ष, डोमेन्द्र राजपूत जिला महासचिव, लक्ष्मण राजपूत जिला प्रवक्ता, कुलदीप आडिल जिला सचिव, नारायण वर्मा नवागढ़ विधानसभा प्रमुख, राजकुमार कुर्रे नवागढ़ ब्लाक प्रमुख, संजय आडिल नवागढ़ विधानसभा सचिव नियुक्ति कर जिम्मेदारी दी गई है।

### झांकी से कांवड़ियों...

गीतों के साथ जय भोलेनाथ के नारों से वातावरण को भक्तिमय कर रहे थे। बताया गया कि यह दल विभिन्न पड़ावों से होता हुआ। आगामी सोमवार को भोरमदेव महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे।

### फसल बीमा के लिए...

उपलब्ध रहेगी। बीमा दावा भुगतान सुनिश्चित करने हेतु पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किसान के बैंक खाते का सत्यापन अथवा आधार को बैंक खाते से लिंक कराना आवश्यक है। साथ ही, प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान होने की स्थिति में किसान को 72 घंटे के भीतर सूचना देना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप संचालक कृषि एमडी डड़सेना, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एसके निवसरकर एवं नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार वारे उपस्थित थे।

पीजी कॉलेज से करपात्री स्कूल तक 1 करोड़ से निर्मित होने वाले वॉकिंग टेक निर्माण का भूमिपूजन

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने लाभान्वित 131 हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति पत्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा वीर सावरकर भवन कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में करपात्री स्कूल से लेकर, जिला पंचायत होते हुए बीएसएनएल कार्यालय से होते हुए पीजी कॉलेज तक, पीजी कॉलेज से होते हुए करपात्री स्कूल तक 1 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले वॉकिंग टेक निर्माण का भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के 131 लाभान्वित हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक का वितरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले नगर पालिका कवर्धा के 23 कर्मचारियों का सम्मान किया। उन्होनें जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता दीदीयों के साथ केक काटकर खुशी जाहिर की तथा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छता दीदीयों का आभार माना। वही कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ.सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, नगर पालिका के सभापतिगण, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण सहित अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिकगण, अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सभी पात्र परिवारों को मिलेगा पक्का आवास



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी उपस्थित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की जानकारी दी तथा सरकार द्वारा किस्तों में दी जाने वाले स्वीकृति राशि के बारे में भी अवगत कराया। गरीबों को मोर आवास मोर अधिकार का लाभ दिलाने छत्तीसगढ़ स्तर पर रायपुर से आंदोलन की शुरूवात का भी जिक्र किया। उन्होनें कहा कि सभी गरीब परिवार को उनका पक्का आवास प्रदान किया जायेगा। उन्होनें निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति सभी हितग्राहियों को समय-सीमा में कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण होने वाले कार्यो की गुणवत्ता पर भी ध्यान रखे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा अनुसार किस्तों की राशि जारी किये जाने व हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें कहा कि किसी मकान के उपर बिजली तार गुजरे होगें उसका भी चिन्हांकित करते हुए हटाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## स्वच्छता दीदीयों के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर वीर सावरकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों के हाथों केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 131 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक, नगर पालिका में स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणि कार्य करने वाले 23 कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उन्होनें बताया कि अपने जन्म दिवस के अवसर पर विजय शर्मा ने 1 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले वॉकिंग टेक निर्माण का भूमिपूजन किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के 23 स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। स्वच्छता कर्मी ही हमारे समाज के असली नायक हैं, जिनके निरंतर परिश्रम से नगर, प्रदेश व देश स्वच्छ और स्वस्थ रहता है। इसके साथ ही 1 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले वॉकिंग ट्रैक के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। यह वॉकिंग ट्रैक करपात्री स्कूल से जिला पंचायत तक, जिला पंचायत से बीएसएनएल कार्यालय से पीजी कॉलेज होते हुए पुनः करपात्री स्कूल तक बनाया जाएगा, अब जल्द ही वॉकिंग टैक निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। जिससे नगरवासियों को पैदल वाक करने, सैर और व्यायाम के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# विधायक अमरकंटक से भोरमदेव तक करेंगी 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भगवान भोलेनाथ पर अपार आस्था और विश्वास के साथ प्रतिवर्ष हमारे प्रदेश व देश में लाखों कांवड़ यात्री कई किलोमीटर की कठिन यात्रा करके भगवान शिवजी का जलाभिषेक करने के लिए विभिन्न मंदिरों की यात्रा करते हैं और शिवभक्ति की इस परंपरा को आगे ले जाते हैं। हमारे छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से भी प्रतिवर्ष सावन माह में हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री अमरकंटक में जलेश्वर महादेव को जल अर्पित करने कांवड़ यात्रा करते हैं। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने भी इस वर्ष एक ऐसा संकल्प किया है जिसे शिवजी के प्रति उनकी अटूट आस्था और विश्वास के साथ ही जनसेवा एवं हर व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे उस निर्मल भावना को दर्शाती है।

उनके द्वारा स्वयं कंधो पर आस्था और विश्वास एवं मन में छत्तीसगढ़ व प्रदेशवासियों की सुख -समृद्धि एवं खुशहाली की कामना लिए वे 151 किलोमीटर की कठिन कांवड़ यात्रा करने जा रही हैं। भावना बोहरा का यह संकल्प एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन हेतु उनकी तत्परता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं आने वाली पीढ़ियों तक हमारी सनातन परंपरा एवं धार्मिक महत्वत के गौरवशाली इतिहास के प्रति प्रेरित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ की जनता और प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा 21 जुलाई को सावन माह के दूसरे सोमवार को सुबह 7 बजे माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक लगभग 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा शुरू की जाएगी। भावना बोहरा माँ नर्मदा मंदिर से कांवड़ में जल लेकर पद यात्रा करते हुए डोंगरिया महादेव का जलाभिषेक करने के पश्चात भोरमदेव मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा समाप्त करेंगी। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार होगा की एक महिला जनप्रतिनिधि इतनी कठिन यात्रा करके प्रदेश व प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करेंगी।

इस दौरान भावना बोहरा माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से लहनी, खुड़िया, पंडरिया, मोहतरा से डोंगरिया महादेव पहुंचेगी जहाँ शिवजी का जलाभिषेक करेंगी तत्पश्चात डोंगरिया महादेव से बोड़ला होते हुए भोरमदेव मंदिर में पूजा-अर्चना व शिवजी का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा का समापन करेंगी। वही यात्रा के पूर्व शनिवार को भावना बोहरा ने कवर्धा में माँ महामाया मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं शनिदेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की समृद्धि एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली हेतु कामना की। तत्पश्चात ग्राम रणवीरपुर में श्री हनुमान मंदिर एवं माँ महामाया मंदिर में आयोजित झंडा पूजा में शामिल हुईं और मंदिर में दर्शन-पूजन कर सर्वमंगल की कामना की और अपनी सुखद व सफल यात्रा के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## हमारी सनातन संस्कृति में श्रावण मास और शिव उपासना की पौराणिक मान्यता जल अभिषेक का है

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में श्रावण मास और शिव उपासना की पौराणिक मान्यता है, हमारे छत्तीसगढ़ में भी अमरकंटक के नर्मदेश्वर महादेव के निकट मां नर्मदा का पावन जल लेकर बाबा भोरमदेव को अर्पित करने की प्राचीन आस्था है और प्रतिवर्ष कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जल लेकर कठिन कांवड़ यात्रा करके भोरमदेव मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक करते हैं। उसी आस्था के प्रति भगवान भोलेनाथ एवं माँ नर्मदा के आशीर्वाद तथा कांवड़ यात्रियों से प्रेरणा लेकर इस वर्ष सावन माह के द्वितीय सोमवार को माँ नर्मदा मंदिर प्रांगण से डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर तक छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए मैं 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करने जा रही हूं। मैं प्रदेशवासियों और कबीरधाम जिला के सभी शिवभक्तों से आग्रह करती हूँ कि इस प्रयास में आपका सहयोग और गरिमामयी उपस्थिति मेरे संकल्प और मनोबल को नई उर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि 21 जुलाई को प्रातः 7 बजे अमरकंटक में भगवान नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा अर्चना कर माँ नर्मदा मंदिर से कांवड़ में जल लेकर डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान होगा अतः इस यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना करने हेतु आपकी उपस्थिति एवं मंगलकामनाओं की अपेक्षा है। आपकी उपस्थिति हर कदम पर बोल बम के उद्घोष के साथ मेरी हिम्मत को बढ़ाएगा। आप सभी अपने बहुमूल्य समय से कुछ क्षण निकालकर इस कांवड़ यात्रा में अमरकंटक से माँ नर्मदा का निर्मल जल लेकर भोरमदेव मंदिर में महादेव जी का जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना हेतु इस यात्रा में सादर आमंत्रित हैं।

# कुंडा में ब्लॉक कांग्रेस ने विद्युत कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर कुंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर बिजली ऑफिस का घेराव किया गया प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दामों पर लगातार वृद्धि किया जा रहा है जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कुंडा ब्लॉक के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में एक दिवसीय बिजली कार्यालय का घेराव किया गया।




कांग्रेस पदाधिकारी के द्वारा दिन शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुंडा के द्वारा अपनी मांगों से संबंधित शासन प्रशासन को विज्ञापन सौंपा गया बिजली ऑफिस का घेराव करते कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने प्रदेश सरकार को जनविरोधी सरकार बताया और बिजली दर बढ़ाने के मामले में प्रदेश सरकार को घेरा भाजपा सरकार ने डेढ़ साल में चौथी बार बिजली के दामों में वृद्धि कर रही है 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर प्रदेश के गरीब जनता को लूट जाएगा सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है जिससे किसान को काफी नुकसान होगा एक तो किसान को लगातार बिजली कटौती के कारण मोटर पंप चल नहीं रहा है आज किसान लगातार बिजली कटौती से परेशान है ऊपर से वृद्धि दर में बढ़ोतरी किया जा रहा है।

भाजपा किसान विरोधी सरकार है इन्हीं के विरोध में आज ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विद्युत कार्यालय का घेराव किया गया जिसमें उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर भारत साहू, राम अवतार सिंगरौल, उत्तर चंद्राकर, साधे राम अनंत, सनत चंद्राकर, बलदाऊ साहू, राजेश चंद्रवंशी, रामखेलावन साहू, आनंद परमाना, शिव सिंह चौहान, दिलीप चंद्रवंशी, दिनेश पांडे, मनोहर ऋषि गौतम साहू, बद्री खाडे, प्रशांत खाडे, शैलेश दिवाकर, प्रमोद पात्रे, राधे रात्रे, मनोज भास्कर एवीएन कुंडा कांग्रेस कमेटी ब्लॉक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वनांचल विद्यालय खैरबना कला में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला में वृक्षारोपण किया गया शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लखन लाल पटेल और प्राचार्य केदार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में हरिहर छत्तीसगढ़, हरिहर खैरबना बनाने हेतु संकल्प लिया गया जिसमें विद्यालय परिसर में अमरूद, जाम, सीताफल, ऑवला, करंज का पौधारोपण कर हरा भरा वृक्ष बनाने का लक्ष्य रखा गया। वही मीलूराम साहू भोंरमदेव मंडल अध्यक्ष द्वारा पौधों का समुचित संरक्षण पर बल दिया गया व जनपद सदस्य और सभापति नरेश साहू द्वारा अपने घर से लाये करंज पौधा को रोपित कर कहा कि वृक्ष ही इस पृथ्वी में ऑक्सीजन का स्त्रोत है जिसे बनाए रखने हेतु प्रेरित किया नारायण साहू, मन्नू साहू, रतनू साहू रामजी, और बाराती सभी के द्वारा अलग-अलग पेड़ लगाकर हरियाली लाने में सहयोग किया वृक्षारोपण में श्रीमती भाना ध्रुव, रोहित बिसेन, रजनीश श्रीवास्तव, वाय आर कपिल, श्रीराम साहू, नागेश्वर भारती, रामावतार बांधकर, अर्चना दास वैष्णव, मनीषा शर्मा, गीता ओईका, पवन मरावी, नम्रता गुप्ता, वीरेंद्र वरके, खिलेश्वरी साहू, उमा साहू, पंकज चंद्रवंशी, आयुष शर्मा,अवध राम मेरावी और एनएसएस, एनसीसी के छात्र-छात्राओं का सक्रिय योगदान रहा।

# कामठी के छात्राओं ने स्वयं राखी बनाकर सैनिक भाइयों को भेजी राखियां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

आपरेशन सिपाही रक्षासूत्र तिरंगा सिपाही व मेरा देश कार्यकम के तहत प्रतिवर्षानुसार पंडरिया विकासखंड के वनांचल के गौरव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी के छात्राओं ने शिक्षको के मार्गदर्शन में भारतीय सेना को यहा के माटी से तिलक कर व रक्षा सूत्र समर्पित करने के लक्ष्य को पूरा करते हुए आज यहा के बहनों ने व्याख्याता तुलस चंद्राकर के नेतृत्व में स्वयं राखी बनाकर सैनिक भाईयों को, कामठी के माटी व राखियाँ भेजी गई। यहा के छात्राएं इस अवसर पर भावुक हुए और कहा आप हमारे आन-बान और शान हो जो हमारे रक्षा में भूखे -प्यासे, धूप -बरसात हर क्षण तैनात हो आप हमारे देश की शान हो हम आपके लिए राखियां भेजे है सिर्फ ये एहसास दिलाने के लिए की हम भी आपके साथ है पूरा विद्यालय भारत माता व सैनिकों के जय घोष से भक्ति मय हो गया इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आरएन राजपुत व्याख्याता राजेश शर्मा, हीरालाल छापरिया, तुलस चंद्राकर, मनोज आदित्य प्रधान पाठक भगवान सिंह शिक्षक यशवंत कुंभकार, सुमित पाण्डेय,व्यायाम शिक्षक कोमल धृतलहरें, रमेश मरावी, शैलेन्द्र परस्ते, दीपक, श्रीमती सीता व समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## प्रथम छात्रसंघ अध्यक्ष प्रमोद लूनिया ने भेंट किया वाटर कूलर



**हरिभूमि कवर्धा।** पीजी कॉलेज कवर्धा प्रथम छात्रसंघ अध्यक्ष प्रमोद लूनिया ने भेंट किया वाटर कूलर, प्राचार्य ने किया सम्मानित पीजी कॉलेज कवर्धा के लिए एक सुखद और प्रेरणादायक क्षण कॉलेज के पहले छात्रसंघ अध्यक्ष, प्रमोद लूनिया ने परिसर को एक नया वाटर कूलर भेंट कर अपनी कर्मभूमि के प्रति अनूठा प्रेम प्रदर्शित किया है। यह दान छात्रों और स्टाफ को विशेष रूप से गर्मी के दिनों में स्वच्छ और ठंडे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। लूनिया का यह कदम केवल एक भौतिक भेंट नहीं, बल्कि कॉलेज के प्रति उनके निरंतर समर्थन और छात्रों के भविष्य के प्रति उनकी चिंता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कॉलेज की प्राचार्य महोदया ने स्वयं प्रमोद लूनिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने लूनिया के योगदान की सराहना करते हुए कहा हम अपने प्रथम छात्रसंघ अध्यक्ष प्रमोद लूनिया के इस परोपकारी कार्य के लिए हृदय से आभारी हैं। उनकी यह पहल कॉलेज समुदाय के लिए अत्यंत मूल्यवान है और यह दर्शाती है कि हमारे पूर्व छात्र भी हमारे कॉलेज के विकास में सक्रिय भागीदार हैं।

## आज कावड़ियों के लिए विशेष सेवा भंडारे का आयोजन



**हरिभूमि पिपरिया।** बोलबम सरकार परिवार पिपरिया कवर्धा के द्वारा आज रविवार 20 जुलाई 2025 को कावड़ियो की सेवा के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है जिसमें चिकित्सा की भी व्यवस्था है प्रतिवर्ष चार से पाँच हजार की संख्या में कावड़ियों एवं श्रद्धालु द्वारा प्रसाद ग्रहण किया जाता है यह क्रम लगभग 14 वर्षों से भी अधिक समय चल रहा है। बाबाधाम के कावड़ियो का जत्था 25 जुलाई 2025 को रवाना होगी इच्छुक श्रद्धालु सम्पर्क कर सकते हैं।

# बिजली का हाल बेहाल, लालटेन युग में वापस पहुंचा पंडरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर में आए दिन किसी भी समय घंटे बिजली गुल होना आम बात हो गई है। 18 जुलाई को बिजली की इस अनियमितता ने रिकॉर्ड कायम कर दिया। सुबह से गुल हुई बिजली का देर शाम तक कोई अता-पता नहीं था। बिजली उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ सरप्लस माना जाता है। बड़े शहरों में बिजली की व्यवस्था को पुख्ता और विश्वसनीय बनाने के लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन शिकायत की सुविधा दी गई है। बड़े शहरों में बिजली गोल होने पर लोग निकट फ्यूज कल ऑफिस में कॉल कर देते हैं तो तुरंत बिजली बहाल कर दी जाती है लेकिन पंडरिया में यह व्यवस्था होने के बावजूद बिजली अधिकारी लोगों को समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। कायदे से बिजली बंद की पूर्व सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित की जानी चाहिए या फिर सभी उपभोक्ताओं को संदेश के माध्यम से मोबाइल में सूचित करना चाहिए लेकिन यहां बिजली विभाग में व्याप्त भर्राशाही के कारण लोग बिजली का इंतजार करते रहते हैं। सबसे बड़ा नुकसान बिजली आधारित व्यवसाय को हो रहा है। दूसरी ओर पानी की सप्लाई भी बाधित हो रही है। समय पर मोटर पंप चालू नहीं होने से पानी का विकराल संकट बन जाता है। दूसरी ओर बिजली के अभाव में स्कूलों में प्रैक्टिकल्स और प्रयोग कालखंड भी बाधित हो रहा है। निजी अस्पताल और पेट्रोल पंप किसी तरह जनरेटर की व्यवस्था कर अपना व्यवसाय चला रहे हैं।

## 83 छात्र-छात्राएं शिक्षकों की कमी से जूझ रहे, कैसे होगा कोर्स पूरा

# कोलेगांव प्राथमिक शाला में दो शिक्षक के भरोसे छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव




विकासखंड पंडरिया के शासकीय प्राथमिक शाला कोलेगांव के छात्र छात्राओं को पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं मिल पा रहा है, यह बताना लाजिमी होगा कि शासन के द्वारा लगातार शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज शासकीय प्राथमिक शाला कोलेगांव में 83 छात्र-छात्राएं शाला में अध्ययन कर रहे हैं दो शिक्षक के भरोसे शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है छात्र-छात्राएं लगातार मांग करने के बाद भी आज तक पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं मिल पा रहा है शासकीय प्राथमिक शाला कोलेगांव को दो शिक्षक मात्र हैं जिसमें अध्ययन करा रहे छात्र-छात्राएं को जिसमें एक तो प्रधान पाठक अपने कार्यालय के लिखाई कागजी काम करने में लगा रहता है समय मिल गया तो थोड़ा बहुत पढ़ाई कराते हैं नहीं तो कार्यालय के काम में व्यस्त रहते हैं 83 छात्र-छात्राएं को दो शिक्षक के भरोसे पर्याप्त मात्रा में पढ़ाई एवं कोर्स पूरा नहीं किया जा सकता जिसकी लगातार मांग करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं होने के कारण अब छात्र-छात्राएं के पालक में भी चिंता का विषय है एक तो शिक्षक रहते हुए प्रमोशन प्रधान पाठक रूप के धनेली भेज दिया गया उसके बदले में आज तक शिक्षक नहीं आया पहले भी शिक्षा की कमी था और ऊपर से शिक्षक को दूसरे स्कूल भेज दिया गया इसलिए शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द शिक्षकों की कमी को दूर किया जाए एवं शिक्षक भेजा जाए ताकि छात्र-छात्राओं का पढ़ाई में किसी प्रकार की व्यवधान न रहे।

# पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा में धूमधाम से मना बैगलैस डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



19 जुलाई शनिवार बैगलैस डे को प्रातः 7:30 से बाल सांसद शाला प्रतिनिधि का गठन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शालानायक प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, स्वस्थ मंत्री, स्वच्छता मंत्री, क्रीड़ा खेलमंत्री, वन पर्यावरण वृक्षरोपण मंत्री, सांस्कृतिक प्रभारी, योगा, किचन गार्डन प्रभारी, पास्को कानून प्रभारी, मध्याह्न भोजन प्रभारी, कक्षानायक 6वीं, 7वीं, 8वीं, उप कक्षानायक आदि महत्वपूर्ण पदों का लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली शांति पूर्ण ढंग से चुनाव प्रक्रिया के नियमानुसार सुबह से नामांकन दाखिल, नाम वापसी, चुनाव चिन्ह प्राप्त करना, मतदान केंद्र, मतदान पेटी, चुनाव प्रचार प्रसार करना, मतपत्रों विभिन्न रंगों में जैसे शालानायक गुलाबी रंग, कक्षा नायक 8वीं नीला रंग 7वीं हरा रंग 6वीं सफेद रंग का, चुनाव चिन्ह, पुस्तक, पेन, टेबल छाप, मतदान एजेंट, चुनाव संरक्षक अधिकारी रोशन सिंह परिहार उप सरपंच, विपनेश श्रीनेत एसएमसी अध्यक्ष, पीठासीन अधिकारी चंद्रमौली शर्मा प्रधानपाठक, मतदान अधिकारी रामसिंह साहू, प्रताप सिंह मंडलोई मतदान अधिकारी, डोमन कुमार यादव नियुक्त कर पूरी चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कर मतदान का समय, पेटी सील करना, वोटो का गणना, विजयी प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण, शाला नायक प्रधानमंत्री पद मनीष धुर्वे 42वोट, 8वीं कक्षा नायक कुमारी मुस्कान निर्मलकर 15 वोट, 7वीं कक्षा नायककुमारी आराध्य काठले 12वोट, 6वीं कक्षा नायक अविनाश धुर्वे 16 वोट प्राप्त कर विजयी रहा चुनाव में बालिकाओं का विशेष दबदबा रहा कुल छात्र मतदाता 55 ने वोट दिए और पूरा माहौल खुशनुमा खेल खेल में पढ़ाई बैग लेस डे सामाजिक अध्ययन विषय हमारा संविधान चुनाव प्रक्रिया आधारित रहा इस चुनाव प्रक्रिया में छात्र प्रतिनिधि आम चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम रामसिंह साहू संकुल समन्वयक पथर्रा द्वारा पूरा नियमपूर्वक संचालन किया गया। हम सभी शाला परिवार आप सभी का उत्साहवर्धन करते हुए सादर आभार प्रेषित किया।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से युवक की मौत



**साजा।** बरसात के मौसम के साथ ही सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने लगी है। इसी क्रम में शुक्रवार को शहर के नजदीकी ग्राम जाता में 45 वर्षीय भगवान दास जांगड़े की सांप के काटने से मौत हो गई।

सूत्रों के अनुसार, दोपहर में भगवान दास जांगड़े अपने मकान में ही था, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन तुरंत उन्हें शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ा गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। शनिवार को भगवान दास जांगड़े का अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।

### मछली पकड़ने गया युवक सर्पदंश का शिकार

**बोड़ला** क्षेत्र में बारिश का सीजन प्रारंभ होने के साथ ही सर्पदंश के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला जिले के विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र के ग्राम पालक से सामने आया है जहां एक व्यक्ति को जहरीले सर्प ने दंश मार दिया। सर्पदंश के शिकार व्यक्ति को बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम पालक निवासी बल्लुराम पिता सुधारी आयु 35 वर्ष मछली पकड़ने गया था। बताया जाता है कि इसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने दंश मार दिया। जिसके बाद उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला लाया गया जहां उपचार के बाद मरीज की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### टीचर्स एसोसिएशन की जिला बैठक आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक 20 जुलाई को अपरान्ह एक बजे से स्थानीय राजमहल चौक के पास स्थित राजीव गांधी पार्क में आयोजित किया गया है, जिसमें शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं प्रधान पाठक, शिक्षक, व्याख्याता व प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, अनापत्ति या अनुमति पत्र, फार्म-16, सेवापुस्तिका संधारण, त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ, संगठनात्मक गतिविधियों सहित विभिन्न आवश्यक विषयों पर चर्चा कर आगामी रणनीति तय किया जाएगा। बैठक में शिक्षकगण स्वयं उपस्थित होकर जिला स्तर की समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से जिला बैठक में समय पर उपस्थिति का आव्हान किया।

### लापरवाही : शासन के मापदंड को दिखा रहे ठेंगा, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़

# निजी विद्यालयों का संचालन अप्रशिक्षित शिक्षकों के दम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर में 6 निजी विद्यालय है। प्रशासन द्वारा निजी विद्यालयों को नियमानुसार संचालन की अनुमति दी गई है। अभी नगर में 5 विद्यालय संचालित हैं। नगर के वीरांगना अवंती बाई निजी विद्यालय में 5 शिक्षक प्रशिक्षित नहीं है, जबकि वे वर्षों से पदस्थ है। इसी बात को संस्था ने जानकारी लेने पर खुद स्वीकार किया है।

निजी विद्यालयों में कई शिक्षकों के पास डीएड एवं बीएड की डिग्री नहीं है। शासन ने शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए डिप्लोमा कोर्स भी निर्धारित किया है। लेकिन इसके बावजूद शिक्षक के पास डिप्लोमा भी नहीं है। जिससे छात्रों की पढ़ाई में सुधार नहीं हो रहा है। इस जानकारी का खुलासा शासन को भेजे गए जानकारी से हुआ है। निजी विद्यालय को चलाने वाली समिति का नाम, पंजीयन की तारीख, संस्था के अध्यक्ष का नाम पता एवं दूरभाष, विद्यालय के भवन कक्षा की संख्या, खेल मैदान, कार्यालय की जानकारी, विद्यालय में पठन सामग्री, खेल सामग्री आदि की जानकारी भेजी जाती है। इसी प्रकार विद्यालय में वहां सीसीटीवी कैमरा की जानकारी शासन को भेजनी होती है। उपरोक्त तथ्यों को स्वयं निजी संस्थानों ने स्वीकार किया है।

**स्कूल और शिक्षकों की स्थिति-** दीप पब्लिक स्कूल से नागेंद्र निर्मलकर ने बताया कि कुल कक्षाओं की संख्या 5, कुल शिक्षक 4, कुल प्रशिक्षित शिक्षक 3, अप्रशिक्षित शिक्षक 1 है। रॉयल पब्लिक स्कूल से कृष्ण कुमार सोनी ने बताया कि कुल कक्षाओं की संख्या 7, कुल शिक्षक 11, प्रशिक्षित शिक्षक 9, अप्रशिक्षित शिक्षक 4 है। विवेकानंद पब्लिक स्कूल से सरिता चंदेल ने बताया कि कुल कक्षाओं की संख्या 11, कुल शिक्षक 19, प्रशिक्षित शिक्षक 17, अप्रशिक्षित शिक्षक 2, छात्रों की संख्या 298 है। रानी अवंतीबाई स्कूल से ओमप्रकाश जंघेल ने बताया कि 5 शिक्षक प्रशिक्षित नहीं है।

#### शासन के नियम का पालन नहीं

शासन ने शिक्षा के अधिकार के नियम को लागू किया है। निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस तो वसूली की जा रही है।जबकि शासन के नियम से हर साल 8 से 8.5 प्रतिशत की ही वृद्धि की जा सकती है। इसकी जानकारी शासन को शीघ्र लगनी चाहिए। नगर के निजी विद्यालयों में योग्य शिक्षकों की योग्यता, नियुक्ति, प्रशिक्षण और उनकी वेतन को लेकर मनमानी की जा रही है। जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

#### पढ़ाई हो रही है प्रभावित

शिक्षकों के प्रशिक्षित नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जबकि पालकों से पढ़ाई के लिए फीस वसूल की जा रही है। निजी विद्यालय में कार्यालय, पुस्तकालय, पढ़ाई के लिए कमरे, खेल मैदान एवं खेल सामग्री, पठन सामग्री अनिवार्य है। लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। नगर के निजी विद्यालयों में संसाधन नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। जिससे बच्चों के स्तर में सुधार नहीं हो पा रहा है।

#### दी जाती है सभी जानकारी

निजी विद्यालयों से विद्यालय को संचालित करने वाली संस्था, भवन, शिक्षक, खेल मैदान, शिक्षक, छात्र की संख्या की जानकारी भेजी जाती है।

-**संदीप कराती,** नोडल अधिकारी, निजी स्कूल संस्थान, परपोड़ी

#### शिकायत मिलने पर कार्रवाई

निजी विद्यालय की लिखित में कोई अनियमितता, कमी या शासन के नियम विरुद्ध होने की जानकारी मिलेगी, तब नियमानुसार कार्यवाही को जाएगी।

-**नीलेश चंद्रवंशी,** बीईओ, साजा विकासखंड

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर के गौरव पथ मार्ग पर शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा नगर पंचायत कार्यालय के ठीक सामने हुआ, जब किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना में जान गंवाने वाला युवक घुघवाडीह वार्ड 2 निवासी 42 वर्षीय असलम मोहम्मद पिता मैसूल मोहम्मद बताया गया है, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

परिजनों ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि असलम शुक्रवार की रात लगभग 9.30 बजे ग्राम सहसपुर से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। तभी गौरव पथ पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि असलम की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय, विशेषकर रात्रि में गश्त और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। असलम मोहम्मद की असामयिक मृत्यु से परिजनों और वार्डवासियों में शोक की लहर है।

## दुकानों और व्यावसायिक कार्यों में घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर में घरेलू गैस (एलपीजी) का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है, जो नगर के सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां के होटलों, चाट सेंटर, चाउमिन सेंटर और चखना दुकानों में घरेलू गैस का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। खाद्य विभाग को जानकारी के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। इससे दुकानदार घरेलू गैस का जमकर दुरुपयोग कर रहे हैं। जबकि शासन द्वारा उपरोक्त कार्य प्रतिबंधित है।

- कार्रवाई के अभाव में नगर पंचायत में धड़ल्ले से चल रहा कारोबार

खाद्य विभाग के अधिकारी को मामले की जानकारी के बावजूद होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों व गोदामों में खुलेआम रसोई गैस सिलेंडर का दुरुपयोग किया जा रहा है। घरेलू और कार्मशियल गैस दोनों के मूल्य में प्रति किलोग्राम 30 से 40 रुपए का अंतर होता है। घरेलू रसोई गैस सिलिंडर में प्रति किलो एलपीजी की कीमत लगभग 60 से 65 रुपये हैं, जबकि व्यावसायिक सिलेंडर में एक किलो गैस की कीमत लगभग 100 रुपये हैं।

व्यवसायिक उपभोक्ता को 19 किग्रा/5 किग्रा का गैस सिलेंडर दिया जाता है। ये सिलेंडर के सुरक्षा मानक अलग है। इनकी बनावट में सुरक्षा का का ध्यान रखा जाता है। क्योंकि यह भीड़भाड़ वाले जगहों में उपयोग किए जाते हैं। नियमों के अनुसार छोटे दुकानदारों के लिए 5 किलो का सिलेंडर भी व्यावसायिक उपयोग के लिए होता है। इसका पालन भी दुकानदार नहीं कर रहे हैं।

## विधि शाला नायक और दीपिका बनीं उप-शाला नायक

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे ने बाल संसद के चयनित छात्राओं को शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व के मूल्यों का पालन करने की प्रतिज्ञा ली।

बैग लेस डे पर चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें विधि पांडे शाला नायिका तथा दीपिका यादव को उप-शाला नायिका के रूप में चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मनोनीत कर विभिन्न विभागों जैसे संस्कृति मंत्री पल्लवी घृतलहरे और ट्विंकल सेन, खेल मंत्री कुंती ध्रुव, हेमा साहू, स्वास्थ्य मंत्री पिंकी वर्मा, पूर्वा साहू, विज्ञान क्लब मंत्री योगिता मांडवी, अर्पिता बंजारे, भोजन मंत्री कुमकुम यादव, गरिमा मंडावी, अनुशासन मंत्री याचना वर्मा, यामिनी ध्रुव आदि के लिए बाल मंत्रियों का चयन किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, नेतृत्व कौशल और जिम्मेदारी का अनुभव कराया। शिक्षिका रेणुका अग्रवाल द्वारा बच्चों को बाल संसद के कार्य एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। शिक्षिका ने बताया गया कि बाल संसद के गठन से लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

इस अवसर पर प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे के साथ-साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं अलका वासनिक, सुनीता बंजारे, देवकी साहू, लक्ष्मी पांडे, रेणुका अग्रवाल, रोहिणी साहू, लक्ष्मी साहू, शिक्षक संतोष यादव एवं चेतन कुमार देवांगन आदि की उपस्थिति रही।

## हरीश कुमार शाला नायक और आदित्य बने उप शाला नायक



**साजा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में विद्यालय के सुचारू संचालन एवं अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए छात्र परिषद का चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति से 7 प्रकार के अलग-अलग मतपत्रों के द्वारा कराया गया। शाला की दर्ज संख्या 495 है, जिसमें 459 छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन राम पाटिल ने प्रजातंत्र में चुनाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनता स्थानीय चुनाव में मतपत्र द्वारा अपने प्रतिनिधि का निर्वाचन करते हैं। चुनाव प्रजातंत्र का आधार है। चुनाव के लोकतांत्रिक तरीके को सीखाने के लिए छात्रों को ही पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 बनाए गये थे। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना कार्य सम्पन्न हुआ और परिणाम घोषित किया गया। शालानायक पद के लिए हरीश कुमार कक्षा 12वीं, उप शालानायक आदित्य जंघेल कक्षा 11वीं, छात्रा प्रतिनिधि भुनेश्वरी सिन्हा कक्षा 12वीं, कीडा सचिव ईश्वर सिन्हा, सांस्कृतिक सचिव भुनेश्वरी सिन्हा, अनुशासन प्रभारी उत्तम सिन्हा और स्वच्छता प्रभारी विक्की साहू चुने गए। परिणाम की घोषणा करते हुए प्राचार्य कमलेश कुमार गायकवाड़ ने चुने गए सभी प्रतिनिधियों को गुलाल से तिलक लगाकर उनके कर्तव्यों का बोध कराया। चुनाव में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## प्राइमरी स्कूल में बाल संसद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्राथमिक शाला मल्दा विकासखंड नवागढ़ में सुरक्षित शनिवार को बाल सभा के अंतर्गत बालसंसद का गठन किया गया। इसमे प्रधानमंत्री, स्वछता मंत्री, पर्यावरण मंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के पदों पर कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों की नियुक्त कर उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया। प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस द्वारा लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली के बारे में बताया गया तथा इनसे होने वाले लोकतान्त्रिक मूल्यों के विकास से सम्बंधित बात कही गई। प्रधान पाठक द्वारा बच्चों को बाल संसद का गठन कर शपथ ग्रहण करवाया गया। बाल संसद बच्चों का एक मंच है, जो उन्हें लोकतंत्र, नागरिकता और निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करता है। यह एक एसा मंच है जहां बच्चे संसदीय प्रणाली की कार्य प्रणाली को समझते हैं और अपने विद्यालय, समुदाय और समाज की मुद्दों पर बात रखते हैं। बच्चों में नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की कौशल का विकास होता है। प्राथमिक विद्यालयों की क्षमता निर्माण के लिये साझेदारी के साथ मिलकर कार्य कर रही है। ताकि बच्चों के अधिकारों पर आधारित दृष्टिकोण अपना सके और मानव अधिकार अभ्यास का केंद्र बन सके। बाल सभा प्रभारी पुष्पा साहू शिक्षिका, चुन्नीलाल साहू सहायक शिक्षक, धनीराम साहू सहायक शिक्षक व गोपाल साहू सहायक शिक्षक की सहभागिता रही। मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा, सुरक्षित शनिवार के अतर्गत प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस ने आज का विषय सांप व बिच्छू के काटने सम्बन्धी बचाव व इलाज पर वीडिओ से प्रदर्शन कर व गूगल फॉर्म सब्मिट कर बच्चों को जानकारी दी। विदित हो कि प्रत्येक शनिवार को सप्ताहिक विषयों पर मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम आयोजन किया जाता है।

## स्कूल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं जनभागीदारी हाई स्कूल केशतरा विकासखंड साजा में छात्र-छात्राओं का चुनाव मोबाइल ऐप से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन नमूनार्थ द्वारा करवाया गया। इसमें मतदान करने की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मतदान कराया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया। जनभागीदारी हाई स्कूल के शाला नायक शुभम साहू, उप शाला नायक दीपांजलि, क्रीड़ा नायक भूमिका निषाद, सांस्कृतिक सचिव लीलेश्वरी निर्वाचित हुए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केशतरा में बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री किरण निषाद कक्षा आठवीं, शिक्षामंत्री सुष्मिता यदु, उप शिक्षा मंत्री उर्मी, वित्त मंत्री अंजना, उप वित्त मंत्री भास्कर निषाद, खेलमंत्री मुनीता, उप खेल मंत्री लवकुश, कानून एवं सुरक्षा लूणकरण, उप कानून सुरक्षा मंत्री भूपेश, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री राधिका मंत्री उप चंचल, पर्यावरण मंत्री नारायण उपमंत्री डाकेश्वरी, कृषि मंत्री नीता, उप मंत्री हिमांशु को चुना गया। इस अवसर प्रधान पाठक पवन कुमार साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए मतदान के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा प्रत्येक नागरिक को मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। एक एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए। साथ ही मतदाता जागरूकता के बारे में भी बच्चों को बताया गया। जनभागीदारी हाई स्कूल के प्राचार्य नेमेश्वरी साहू ने निर्वाचित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन पूरी जिम्मेदारी पूर्वक करने के लिए कहा। निर्वाचन प्रक्रिया में शाला के शिक्षकों गीतेश कुमार देवांगन, प्रदीप कुमार ठाकुर, ओंकार प्रसाद डड़सेना, गणेश्वर ठाकुर, रोशन महिलांगे, गौतम साहू, सीमा चक्रधारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



केशतरा स्कूल में बैगलेस डे का आयोजन, बाल कैबिनेट का किया गठन

### शराब की अवैध बिक्री, 23 पौवा बरामद, कोचिया गिरफ्तार

**बोड़ला।** बोड़ला पुलिस ने अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के पास से कुल 23 पौवा अवैध शराब जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 113/2025 धारा 34(1)(ख) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बोड़ला अंतर्गत चौकी बैजलपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा चोरी-छिपे शराब की अवैध बिक्री और परिवहन की सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर निगरानी तेज की गई। इसी दौरान 18 जून को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल के डिग्गी में शराब रखकर बोड़ला से तरेगांव जंगल मार्ग पर वार्ड क्रमांक 01, डबरी पारा क्षेत्र में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान सुशील कुमार मरकाम पिता ढीमरा मरकाम आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम बैजलपुर चौकी बैजलपुर थाना बोड़ला के रूप में की गई है। आरोपी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 डी 5592 की तलाशी लेने पर पुलिस ने देशी प्लेन मदिरा 3 अध्धी, देशी प्लेन मदिरा 9 पौवा, गोवा शराब 11 पौवा जप्त की है। थाना बोड़ला में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 113/2025 धारा 34(1)(ख) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की गई। प्रकरण जमानतीय होने से सक्षम जमानतदार प्रस्तुत करने पर आरोपी को मुचलका पर रिहा किया गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक उमाशंकर नाग, प्रधान आरक्षक मनोज महोबिया, आरक्षक अमर पटेल, पवन वर्मा तथा रामनारायण तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

## महादेव की जयघोष के साथ निकली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गृह ग्राम गोपाल भैना में परंपरा, श्रद्धा और संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला। ग्रामवासी श्रद्धालुओं ने सकरी-हांफ नदी के संगम स्थल से पवित्र जल भरकर भोरमदेव महादेव मंदिर के लिए जल यात्रा प्रारंभ की। यात्रा से पूर्व ग्राम की कुलदेवी मां महामाया तथा कृष्णनंदी के चरणों में जल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर गांव के समस्त नागरिकों की ओर से ग्राम की उन्नति, खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष कामना की गई। पूरे गांव में इस अवसर पर भक्तिभाव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, नारे-जयघोष और पूजा-पाठ के साथ ग्रामवासी उत्साहपूर्वक इस यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव, जय महामाया, जय भोरमदेव जैसे नारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में गांव के सक्रिय नागरिकों का योगदान सराहनीय रहा। विशेष रूप से मिंटू बिसेन, हुलास भुवाल, कमल साहू, शिव कुमार सिन्हा, सुरेश सिन्हा, छबील निषाद, चेतन साहू, सुखु साहू, परेटन साहू आदि ग्रामवासियों ने पूरे आयोजन में निष्ठा और सेवाभाव से कार्य किया। इन सभी ने जल यात्रा में भाग ले रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं व ग्राम के उज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की।भक्तजन सकरी-हांफ संगम से जल लेकर पैदल यात्रा के माध्यम से भोरमदेव महादेव मंदिर पहुचेंगे, जहां उन्होंने विधिवत रूप से जल अर्पित कर भगवान शिव से अपनी एवं ग्राम की मंगलकामना करेंगे।

